# उज्जैन नगरी देखो रे भैया देवो से भरपूर है लिरिक्स

उज्जैन नगरी देखो रे भैया,
देवो से भरपूर है,
महाकाल के राजा,
शम्भू दुनिया में मशहूर है।bd।

---

आगे आगे रामघाट और,
पास में भूखी माता है,
गढ़ कालीका नगर कोट की,
आरती हर कोई गाता है,
गोपाल मंदिर बीच में पूजा,
होती रोज जरूर है,
महाकाल के राजा,
शम्भू दुनिया में मशहूर है।bd।

---

आस पास में शिप्रा बहती,
बीच चामुण्डा महारानी,
हरसिद्धि संतोषी माता,
राजा विक्रम थे दानी,
नागादल का दत्त अखाड़ा,
त्रिवेणी से दूर है,
महाकाल के राजा,
शम्भू दुनिया में मशहूर है।bd।

---

देख के दुनिया वाले बोले,
कैसी तेरी माया है,
जो भी तीरथ करके आया,
अंत मे शिप्रा नहाया है,
ऐसे बाबा जी का सुमिरन,
करना रोज जरूर है,
महाकाल के राजा,
शम्भू दुनिया में मशहूर है।bd।

---

आस लगाकर भोले शम्भू,
तेरे दर पे आये है,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

जो भी देना है वो दे दो,
खाली झोली लाये है,
पास तुम्हारे माल खजाना,
और दौलत भरपूर है,
**Bhajan Diary Lyrics,**
महाकाल के राजा,
शम्भू दुनिया में मशहूर है॥

---

उज्जैन नगरी देखो रे भैया,
देवो से भरपूर है,
महाकाल के राजा,
शम्भू दुनिया में मशहूर है॥

गायक – ओम जी पाटीदार।
प्रेषक – प्रीतम यादव।
**8120823027**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com